प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

संख्या –   दिनांक –

प्रेषित,
में0 अपूर्वा इंटरप्राईजेज़,
आनन्द नगर, सहबाजपुर,
मुजफ्फरपुर ।

महाशय,

सूचित करना है कि आपके द्वारा इस चिकित्सा महाविद्यालय में वाह्रय स्रोत पर सफाई कर्मचारियो की सेवा प्रदत्त है । विगत तीन माह से आपके कार्यकलाप की समीक्षा की जा रही है । समीक्षा के दौरान अधोहस्ताक्षरी ने पाया कि आपका कार्यकलाप इस चिकित्सा महाविद्यालय में संतोषप्रद नही है । आपके आधे से अधिक सफाई कर्मचारी पिछले एक माह से हड़ताल पर हैं, वे इस महाविद्यालय का कार्य बंद किए हुए हैं, जिससे महाविद्यालय का सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है । छात्रावास में नियमित सफाई नही होने से छात्र/छात्राओ में आक्रोश है ।

उक्त दिशा में आपने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नही किया, जिससे हड़ताली सफाई कर्मचारी पुनः कार्य पर लौट सके । इससे इस महाविद्यालय का सफाई कार्य प्रभावित हुआ ।

अतः पत्र प्राप्ति के दो दिनो के अन्दर आप इस चिकित्सा महाविद्यालय में सफाई कार्य हेतु अपने सभी कर्मचारियो की प्रतिनियुक्ति करना चाहेंगे, जिससे महाविद्यालय का सफाई कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके । साथ ही आपको निर्देश दिया जाता है कि हड़ताल पर जाने वाले सभी सफाई कर्मचारियो को पुनः इस महाविद्यालय में नही रखेंगे । साथ ही आप इस आशय का एक शपथ–पत्र देंगे कि भविष्य में आपके द्वारा महाविद्यालय का सफाई कार्य किसी भी परिस्थिति में बाधित नही होगा । भविष्य में ऐसी पुनरावृति होने पर आपके विरूद्ध न्यायोचित कार्रवाई करते हुए आपके कम्पनी/संस्था के विरूद्ध सरकार को सूचित कर दिया जाएगा ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1884/15   दिनांकः– 5.11.15
प्रतिलिपिः–

1) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/बरसर, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) I.T. Sec., श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

5/11/15
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर